प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–18.09.2023 (सं0–408)

ऑपरेशन मुस्कान पार्ट–02

नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग के अन्तर्गत राज्य पुलिस के द्वारा वह प्रत्येक कार्य किया जा रहा है जिसका सीधा और प्रत्यक्ष लाभ आम जनता को मिले तथा आम जन का विश्वास पुलिस पर बढ़े। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत किये जा रहे कई कार्यों में एक ऑपरेशन मुस्कान भी है। इससे आप सभी पूर्व परिचित हैं। पूर्व में प्रेसवार्ता के माध्यम से वर्ष 2023 के जनवरी से अगस्त माह तक बरामद किये गये 5 हजार से अधिक (कुल 5256) मोबाइल से संबंधित आँकड़ा आपको उपलब्ध कराया गया था।

ऑपरेशन मुस्कान की सफलता को देखते हुए अब इस अभियान के पार्ट–02 चलाया जा रहा है।

ऑपरेशन मुस्कान पार्ट–02 में चोरी की गयी मोटरसाइकिल को एक अभियान के तहत रिकवर कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे जाने का निर्णय लिया गया है। कुछ जिलों में यह अभियान पूर्व से हीं चलाया जा रहा है। अब इसे और प्रभावी तरीके से एवं प्राथमिकता के आधार पर चलाया जायेगा। इस हेतु सभी जिलों को निर्देशित किया जा रहा है।

वर्ष 2023 के जनवरी से अगस्त माह तक विभिन्न जिलों में कुल–2263 मोटरसाइकिल को रिकवर कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया है। इस अभियान में कुछ अग्रणी जिले निम्न हैं :–

क्र0सं0	जिला का नाम	बरामद मोटरसाइकिल की सं0
1.	समस्तीपुर	266
2.	गया	252
3.	नालन्दा	190
4.	सारण	166
5.	दरभंगा	110
6.	नवादा	96
7.	भोजपुर	95
8.	कटिहार	86
9.	गोपालगंज	82
10.	जमुई	78
11.	अन्य सभी जिलों में	842
कुल		2263

XXXXXX